हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 22 मई 2026

06 डीजल संकट से थमी रफ्तार: भैरुंदा में किसान...



09 भेरू दरवाजा रोड पर निकलना मुश्किल...





## खबर संक्षेप

### 28 मई तक बढ़ाई गई गेहूं खरीदी की तारीख

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख 23 मई से बढ़ाकर 28 मई कर दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश में सर्वाधिक गेहूं खरीदी करने वाला राज्य है। प्रदेश में गेहूं खरीदी का लक्ष्य भी 75 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन किया गया है।

### 1 जून से शुरू होगी सेना भर्ती ऑनलाइन परीक्षा

**सीहोर।** सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा भर्ती वर्ष 2026-27 के लिए अग्निवीर भर्ती रैली संबंधी सूचना जारी की गई है। भारतीय सेना में भर्ती के लिए पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों की ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) 01 जून 2026 से 12 जून 2026 तक भोपाल के दो परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रतिदिन चार शिफ्टों में होगी। सेना भर्ती कार्यालय भोपाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बार अग्निवीर क्लर्क एवं स्टोर कीपर टेक्निकल पदों के अभ्यर्थियों का टाइपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर लिया जाएगा। ऑनलाइन परीक्षा के लिए आईऑन डिजिटल जोन आईडीजेड प्रेस्टिज, रायसेन रोड तथा आईऑन डिजिटल जोन आईडीजेड आरजीपीवीएम, सांखेड़ी, कोलार रोड को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सेना भर्ती कार्यालय ने अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करने तथा समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी है। साथ ही सभी अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड का प्रिंटआउट साथ रखने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के दूरभाष नंबर 0755-2540954 एवं 9039018588 पर संपर्क कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में चयन पूरी तरह पारदर्शी एवं योग्यता आधारित होता है तथा अभ्यर्थी किसी भी दलाल या प्रलोभन से सावधान रहें।

### बायोमेट्रिक सत्यापन के माध्यम से हो रहा राशन वितरण

**सीहोर।** वर्तमान में राज्य में राशन वितरण के लिये उचित मूल्य दुकानों पर लगायी गयी पीओएस मशीन में फेस रिकॉग्निशन तकनीक, कैमरा तथा आइरिस स्केनर आदि का प्रावधान नहीं है। सभी पात्र परिवारों को (पीओएस) मशीन पर अंगूठे की छाप से बॉयोमेट्रिक सत्यापन कर राशन वितरण किया जा रहा है।

### दमोह पुलिस की कार्रवाई, हीरा सिंह कौशिक ने उगले 50 से मुन्ना भाइयों के नाम

# बिलकीसगंज में पदस्थ रेडियोग्राफर निकला फर्जी डॉक्टर घोटाले का मास्टरमाइंड, भोपाल से गिरफ्तार

### 8 से 10 लाख में बिकती थीं एमबीबीएस की फर्जी डिग्रियां, जिले के स्वास्थ्य महकमे में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य महकमे को हिलाकर रख देने वाले 'फर्जी डॉक्टर घोटाले' का मुख्य मास्टरमाइंड कोई और नहीं, बल्कि सीहोर जिले के बिलकिसगंज स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एक कर्मचारी निकला। दमोह पुलिस ने बुधवार को इस पूरे रैकेट के मुख्य सूत्रधार हीरा सिंह कौशल को भोपाल के कोहेफिजा इलाके से गिरफ्तार कर लिया है, जहां वह एक निजी एक्स-रे सेंटर चला रहा था। बता दें हीरा सिंह सीहोर के बिलकिसगंज में लंबे समय से रेडियोग्राफर के पद पर नौकरी कर रहा था।

मुख्य जिला चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि हीरा सिंह कौशल रेडियोग्राफर की पोस्ट पर बिलकिसगंज स्वास्थ्य केन्द्र पर पदस्थ है। पुलिस ने हमें कोई सूचना नहीं है। इस संबंध में पुलिस ही जानकारी देगी, पुलिस ने क्यों उठाया, जानकारी नहीं है। जबकि श्यामपुर सीबीएमओ नवीन मेहर ने पुष्टि की कि हीरा सिंह कौशल लंबे समय से बिलकिसगंज स्वास्थ्य केंद्र में रेडियोग्राफर के तौर पर पदस्थ है और इसकी सूचना मिल चुकी है।




#### दूसरों के रजिस्ट्रेशन नंबर पर बना दिए डॉक्टर

बताया जा रहा है कि दमोह पुलिस की पूछताछ में आरोपी हीरा सिंह कौशल ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। पुलिस के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रदेश की संजीवनी क्लीनिकों में फर्जी डिग्री के सहारे नौकरी पा लेने वाले ऐसे फर्जी डॉक्टरों की संख्या 50 से अधिक हो सकती है। पुलिस को आरोपी मास्टरमाइंड के पास से डॉक्टरों की एक लंबी लिस्ट मिली है।

इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें अब भोपाल, ग्वालियर, मुरैना, धार, मंडला और जबलपुर में लगातार दबिश दे रही हैं. इस मामले में अब तक कुल 4 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। हीरा सिंह से पहले दमोह पुलिस डॉ. कुमार सचिन यादव, डॉ. राजपाल गौर और डॉ. अजय मौर्य को गिरफ्तार कर चुकी है, जिन्हें बुधवार को कोर्ट ने दो दिन की और पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

#### नर्मदापुरम के डॉक्टर का चुराया नंबर

बताया जा रहा है कि इस फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब दमोह सीएमएचओ डॉ. राजेश अठ्या ने एक गोपनीय सूचना के बाद डॉक्टरों के दस्तावेजों की जांच कराई। मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल की जांच में आरोपी राजपाल गौर का रजिस्ट्रेशन फर्जी निकला। उसने साल 2018 के एक पुराने रजिस्ट्रेशन नंबर को एडिट करके 2023 का बना लिया था। असल में वह रजिस्ट्रेशन नंबर नर्मदापुरम में पदस्थ डॉ. अभिषेक यादव का था।

#### सीहोर में मची खलबली

दमोह सीएमएचओ डॉ. राजेश अठ्या के अनुसार इन फर्जी डॉक्टरों की नियुक्ति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से हुई थी, इसलिए इनकी सेवाएं समाप्त करने के लिए एनएचएम भोपाल को पत्र लिखा गया है। इस खुलासे के बाद हड़कंप मच गया है। इधर मास्टरमाइंड हीरा सिंह कौशल के सीहोर से जुड़े होने के कारण स्थानीय स्वास्थ्य विभाग में भी खलबली मची हुई है।

#### ऐसे काम करता था 'सीहोर के रेडियोग्राफर' का नेटवर्क

पुलिस जांच के मुताबिक बिलकिसगंज का रेडियोग्राफर हीरा सिंह ही इस पूरे गिरोह का असली संचालक था। उसने सबसे पहले अजय मौर्य की फर्जी एमबीबीएस डिग्री बनवाई थी। इसके बाद अजय के जरिए कुमार सचिन यादव और राजपाल गौर ने भी हीरा सिंह से संपर्क साधा। हीरा सिंह ने इन लोगों से 8 से 10 लाख रुपये लेकर इन्हें फर्जी डिग्रियां और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के फर्जी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट थमा दिए, जिसके दम पर इन्होंने सरकारी नौकरियां हासिल कर लीं।

#### जानकारी से अंजान सीएमएचओ

हीरा सिंह कौशल रेडियोग्राफर की पोस्ट पर बिलकिसगंज स्वास्थ्य केन्द्र पर पदस्थ हैं। पुलिस ने हमें कोई सूचना नहीं है। इस संबंध में पुलिस ही जानकारी देंगी, पुलिस ने क्यों उठाया, जानकारी नहीं है।

**सुधीर कुमार डेहरिया,** सीएमएचओ सीहोर

#### बिलकिसगंज में है रेडियोग्राफर

बिलकिसगंज में पदस्थ रेडियोग्राफर हीरासिंह कौशल को पुलिस द्वारा उठाए जाने की सूचना मिली है। जानकारी मिलते ही मैंने भी तुरंत उसके परिवार को सूचना दे दी थी।

**नवीन मैहर,** सीबीएमओ श्यामपुर

## गलत रिपोर्ट देने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए:सरपंच ग्राम रामगढ़

**सीहोर।** जिले की ग्राम पंचायत रामगढ़ में भीषण जल संकट को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। पंचायत के अंतर्गत आने वाले पांच गांवों में से एक गांव को छोड़कर बाकी चार गांवों माजरी टोल, पांगरी जंगल, कलापठा और महू बड़ला — में लगे हेडपंप और नलकूप पूरी तरह सूख चुके हैं, जिससे ग्रामीण जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांवों में पानी की गंभीर समस्या को लेकर दो दिन पूर्व दर्जनों ग्रामीण भोपाल पहुंचे थे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर नए नलकूप खनन की मांग की थी।



ग्रामीणों का आरोप है कि पीएचई विभाग के एसडीओ अहिरवार द्वारा मौके पर गलत रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई।

बताया जा रहा है कि जिस गांव में पानी उपलब्ध है, उसी की रिपोर्ट को आधार बनाकर पूरे क्षेत्र में पानी उपलब्ध होने की जानकारी दी गई, जबकि चार गांवों में हेडपंप सूखे पड़े हैं। इसको लेकर ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों में भारी नाराजगी है।

सरपंच प्रतिनिधि अशोक मीणा ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी मनमानी कर रहे हैं और झूठी रिपोर्ट के कारण गांवों में नए नलकूप खनन नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र जल व्यवस्था नहीं की गई तो पीएचई विभाग और एसडीओ अहिरवार के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इधर, जब सूखे बोरों की सफाई के लिए मशीन गांव पहुंची तो ग्रामीण महिला-पुरुषों ने खाली बर्तन लेकर जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मांग की कि ग्राम पंचायत रामगढ़ के प्रभावित गांवों में तत्काल नए नलकूप खनन कर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा गलत रिपोर्ट देने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## अनुसूचित जाति मोर्चा जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की कामकाजी कार्यकर्ताओं की बैठक बस स्टेण्ड स्थित जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। जिसमें प्रदेश नेतृत्व द्वारा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा को सौपें गये कार्यक्रमों की रणनिति सहित कार्यक्रमों की रूप रेखा की तैयारियों को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री व संभाग प्रभारी भोपाल उपस्थित रहे व मंचासीन अतिथिगणों में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरीश कौशल, मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बरखा वर्मा, मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कोली, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष नवीन चौहान, मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष रामस्वरूप मालवीय, जिला महामंत्री राजाराम मालवीय, वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर पाटीदार उपस्थित थे। मंचासीन अतिथियों ने महापुरुषों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में स्वागत भाषण भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष कैलाश बगाना के द्वारा किया गया। तत्पश्चात मुख्यवक्ता के रूप में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गनपत डाबी के द्वारा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों व रणनीति की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। बैठक का सफल संचालन मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कोली द्वारा किया गया व आभार जिला महामंत्री राजाराम मालवीय के द्वारा व्यक्त किया गया।

## आर्य वीर दल शिविर में भारत सोनी ने दिया प्रेरणादायी उद्बोधन

**सीहोर।** गुरुवार को आर्य वीर दल के चां‍रित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण शिविर में आज माननीय सर संघ कार्यवाह, वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन सीहोर अध्यक्ष, प्रख्यात भौतिकी प्राध्यापक एवं भारत विकास परिषद शाखा सीहोर के संरक्षक भारत जी सोनी ने श्री युवाओं को को संबोधित करते हुए प्रेरणादायी उद्बोधन दिया।




अपने संबोधन में श्री सोनी ने युवाओं को अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं चरित्र निर्माण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मजबूत राष्ट्र का निर्माण सशक्त एवं संस्कारित युवाओं से ही संभव है। उन्होंने व्यायाम, योग एवं नियमित दिनचर्या को जीवन का आवश्यक हिस्सा बनाने पर बल दिया।

शिविर में उपस्थित वीरों ने उनके विचारों को गंभीरता से सुना तथा राष्ट्र सेवा एवं आत्मनिर्माण के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान शिविर में चल रहे व्यायाम एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की भी सराहना की गई।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में तथा मानव में शारीरिक,, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत विकास परिषद के सचिव नवीन सोनी प्रांत से सचिव रवि ठकराल कोषाध्यक्ष अंकुश जैन अध्यक्ष आर्य रितेश राठौर महेंद्र कौशल, आर्य समाज के प्रधान नरेश चंद्र आर्य संदीप आर्य नितिन नरोलिया राजेंद्र राठौर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

## अफसरशाही से तंग आसाराम यादव ने जिला विकास समिति पद से इस्तीफा दिया

### कलेक्टर को सौंपा त्याग पत्र, प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को भी भेजी प्रति



**सीहोर।** अफसरशाही किस तरह हॉवी है उसका एक और उदाहरण जिले में सामने आया है। अफसरशाही के रवैये और काम नहीं करने की प्रवृति से तंग आकर अब भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला विकास समिति सदस्य आसाराम यादव ने भी अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है। कलेक्टर के नाम दिए गए त्याग पत्र की कॉपी प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को भी भेजी गई है। इस्तीफा का प्रमुख कारण अफसरों की मनमानी और लगाकार अनदेखी खासकर बुधनी विधानसभा में कार्यकर्ताओं के काम नहीं करने को बताया जा रहा है। आसाराम यादव भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। वे मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य (राज्यमंत्री) दर्जा प्राप्त हैं तो वहीं कृषि उपज मंडी समिति रेहटी के अध्यक्ष भी रहे हैं। वे जिला पंचायत सीहोर के सदस्य भी निर्वाचित हुए थे। इसके अलावा उन्हें संगठन में काम करने का भी लंबा अनुभव है। उन्हें प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित जिला विकास समिति में बतौर सदस्य मनोनीत किया गया था, लेकिन अब उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जिला विकास समिति में सदस्य का पद बेहद अहम होता है। प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में इसका गठन होता है। सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि इसके सदस्य होते हैं। कलेक्टर जिला विकास समिति में सचिव हैं।

**अफसरशाही को लेकर लगातार मुखर हैं जनप्रतिनिधि:**सीहोर जिले में अफसरशाही को लेकर जनप्रतिनिधि लगातार मुखर हैं। इससे पहले जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने भी बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, सीहोर विधायक सुदेश राय और आष्टा विधायक इंजीनियर गोपाल सिंह भी जिले के अधिकारियों को लेकर अपना गुस्सा दिखा चुके हैं। दिशा की बैठक में विधायकों ने मुखरता के साथ कहा था कि अधिकारी उनके फोन नहीं उठाते हैं, काम नहीं करते हैं। इसके बाद पिछले दिनों प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में भी विधायकों ने अफसरशाही को लेकर मुद्दा उठाया था। उसमें भी अधिकारियों की मनमानी को लेकर विधायकों ने प्रभारी मंत्री से शिकायत की थी।

#### बुधनी विधानसभा की लगातार अनदेखी

सीहोर जिले के बुधनी विधानसभा की लगातार अनदेखी की जा रही है। बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव भी इसकी शिकायत कई बार कर चुके हैं तो वहीं अब वरिष्ठ भाजपा नेता आसाराम यादव ने भी अफसरशाही से तंग आकर अपना इस्तीफा सौंप दिया है। इधर केंद्रीय कृषि मंत्री के मित्र एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरूप्रसाद शर्मा भी उपेक्षित हैं। उन्होंने भाजपा के कार्यक्रमों में भी जाना बंद कर दिया है। एक समय था जब बुधनी विधानसभा के लिए अधिकारी एक पैर पर खड़े रहते थे। कलेक्टर से लेकर सभी अधिकारियों की प्राथमिकता में बुधनी विधानसभा पहले नंबर पर रहता था, लेकिन अब सबसे ज्यादा खराब स्थिति सीहोर जिले के बुधनी विधानसभा क्षेत्र की है।

इस संबंध में जिला विकास समिति सदस्य आसाराम यादव ने बताया कि मैं अपने पद के साथ में न्याय नहीं कर पा रहा था, इसलिए पद से इस्तीफा सौंपा है।

### अवैध खनन पर कलेक्टर-एसपी का बड़ा एक्शन प्लान

# अवैध रेत और खनिज कारोबार पर कार्रवाई, 450 परिवहन प्रकरण दर्ज, 2 करोड़ से ज्यादा की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर शिकंजा कसने के लिए जिला टास्क फोर्स समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना सहित राजस्व, वन, परिवहन और खनिज विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में अवैध गतिविधियों पर संयुक्त कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए।

**रात्रिकालीन गश्त और चेकिंग के निर्देशः** कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण, रात्रिकालीन गश्त और सघन चेकिंग अभियान चलाए जाएं। अवैध खनिज परिवहन में शामिल वाहनों और मशीनों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही विभागों के बीच समन्वय बनाकर निरंतर संयुक्त कार्रवाई जारी रखने पर जोर दिया गया।

**एक साल में 450 अवैध परिवहन के मामले दर्ज :**बैठक में जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक अवैध परिवहन के 450, अवैध उत्खनन के 89 और अवैध भंडारण के 12 प्रकरण दर्ज किए गए। इन मामलों में कुल 2 करोड़ 14 लाख 58 हजार 48 रुपए का अर्थदंड लगाया गया, जबकि 2 करोड़ 14 लाख 36 हजार 796 रुपए की वसूली भी की गई।



#### सैकड़ों वाहन और मशीनें जब्त

कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने 329 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 66 डंपर, 12 पोकलेन, 38 जेसीबी, 13 लोडर और 19 नावों सहित अन्य मशीनरी जब्त की। अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन में उपयोग होने वाले संसाधनों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

#### नए वित्तीय वर्ष में भी कार्रवाई जारी

वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1 अप्रैल 2026 से 20 मई 2026 तक अवैध परिवहन के 25 और अवैध उत्खनन के 5 मामले दर्ज किए गए।

इन प्रकरणों में 12 लाख 67 हजार 186 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित कर वसूला गया। इस दौरान 21 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 4 डंपर, 3 जेसीबी और 2 लोडर भी जब्त किए गए।

#### लंबित प्रकरणों के जल्द निराकरण के निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि जब्त वाहनों और लंबित मामलों में नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई की जाए तथा अर्थदंड वसूली में तेजी लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना अनुमति खनिज परिवहन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी और खदान क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से कराया जाएगा।

#### सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई के निर्देश

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अवैध खनिज गतिविधियों की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई करें और संबंधित क्षेत्रों की लगातार निगरानी रखें। बैठक में जिला वन मंडल अधिकारी सुश्री अर्चना पटेल, जिला खनिज अधिकारी धर्मेंद्र चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आत्मनिर्भर बनाने वाली कृषि के लिए प्रेरित करेगा किसान रथः सुदेश राय

**सीहोर।** गुरुवार को विधायक सुदेश राय ने किसानों को जागरूक और प्रगतिशील आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कृषि, मत्स्य, पशुपालन विभाग के द्वारा तैयार किए गए किसान रथ को विधानसभा क्षेत्र के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शुभारंभ कार्यक्रम में कृषि विभाग के उपसंचालक एक के उपाध्याय, सहायक कृषि उपसंचालक अनिल कुमार जाट, कृषि अधिकारी भारत सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी और अन्य नागरिक मौजूद रहे। विधायक सुदेश राय ने कहा कि 21 से 30 मई तक कृषि विभाग के द्वारा किसानों के हित में विशेष अभियान चलाया जा रहा है विधानसभा क्षेत्र की 84 ग्राम पंचायतो में किसान रथ पहुंचेगा। किसानों की उन्नति प्रगति के लिए पारंपरिक फसलों के साथ सब्जी और फल उत्पादन, गोपालन, मत्स्य पालन, औषधीय खेती, उन्नत खाद बीज कीटनाशक और मौसम जानकारी दी जाएगी। विधायक सुदेश राय ने बताया कि किसानों को जल गंगा संवर्धन अभियान से भी जोड़ा जाएगा और खेतों में पड़ी नरवाई जलने से होने वाले नुकसानों को भी बताया जाएगा।

**खबर संक्षेप**



### आरएसआई टाइटंस ने दो विकेट से जीता मुकाबला

**सीहोर**। शहर के आवासीय क्रिकेट मैदान पर आरएसआई क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में खेली जा रही इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन आरएसआई टाइटंस ने आरएसआई लीजेंड को दो विकेट से हराया। इस मैच में टाइटंस की ओर से सुमित सक्सेना ने 54 रन की कप्तानी पारी खेली, वहीं अपनी गेंदबाजी के दौरान एक विकेट भी हासिल किया। इस मौके पर अकादमी के कोच अक्षय दुबाने और अजय चंदेल आदि मौजूद थे। बुधवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरएसआई लीजेंड ने 25 ओवर में 7 विकेट खोकर 136 रन बनाए थे। इसमें कुणाल गोलिया ने 36 रन, अभिनव व्यास ने 34 रन, पंकज वर्मा ने 26 रन और लोकेन्द्र धनगर ने 20 रन की पारी खेली। इधर टाइटंस की ओर से गेंदबाजी करते हुए गर्व उपाध्याय ने 2 विकेट, सुमित सक्सेना, प्रिंस वर्मा और सतीश चौहान ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टाइटंस की टीम 21.1 ओवर में 8 विकेट खोकर जीत हासिल की। इसमें सुमित सक्सेना ने कप्तानी पारी खेलते हुए 54 रन, कृष्णा मालवीय ने 27 रन, प्रिंस वर्मा ने 21 रन और हिमांशु दुबाने ने 10 रन की पारी खेली। वहीं लीजेंड की ओर से गेंदबाजी करते हुए अताउल्ला खान ने 4 विकेट, लोकेन्द्र धनगर-पंकज वर्मा ने 2-2 विकेट हासिल किए थे। अकादमी के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि गुरुवार की सुबह स्ट्राइकर्स और वारियर के मध्य मैच खेला जाएगा।

### नर्मदापुरम ने उड़ान क्रिकेट अकादमी को 6 विकेट से हराया

**सीहोर**। शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य फैंडशिप क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2026 के अंतर्गत गुरुवार को एक तरफा मुकाबले में गौर क्रिकेट अकादमी नर्मदापुरम ने उड़ान क्रिकेट अकादमी रेड को 6 विकेट के अंतर से हराया। इस मैच में नर्मदापुर की ओर से हेमेन्द्र ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 1.5 ओवर में 3 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। इस मौके पर वरिष्ठ खेल पदाधिकारी शैलेन्द्र पहलवान, कोच अतुल कुशवाहा और मनोज दीक्षित मामा ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार वितरण किया। मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया पहले बल्लेबाजी करने उतरी उडान क्रिकेट अकादमी रेड ने 10 विकेट खोकर 17.5 ओवर में 59 रन बनाए थे। इसमें लक्ष्य प्रजापति ने 46 गेंद पर 30 रन, वीर ने 13 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली थी। इधर नर्मदापुरम की ओर से गेंदबाजी करते हुए हेमेन्द्र ने 1.5 ओवर में 3 रन देकर 3 विकेट, आयुष उपाध्याय, प्रज्जवल मीना और प्रज्ञान थापक ने 2-2 विकेट हासिल किए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी नर्मदापुर की शुरूआत खराब रही। तन्मय शून्य और रुद्राक्ष 2 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए थे, लेकिन राहुल ने 21 रन, इंशात कीर-पार्थ यादव की 17-17 रन की शानदार पारियों की मदद से 8.5 ओवर में 4 विकेट खोकर यह मैच 6 विकेट से जीता।

खरीफ से पहले डीजल संकट: भैरुंदा में सूखे पंप, कतारों में तपते किसान आपूर्ति में देरी से 3-4 दिन तक खाली टैंक

# डीजल संकट से थमी रफ्तार: भैरुंदा में किसान परेशान, विकास कार्यों पर भी लग गया ब्रेक

**जुताई-मशागत पर ब्रेक; गेहूं परिवहन, मूंग खरीदी और सोयाबीन बुवाई पर असर के संकेत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा






खरीफ सीजन की दस्तक से ठीक पहले भैरुंदा तहसील इन दिनों गहरे डीजल संकट से जूझ रही है। शहर सहित आसपास के कई पेट्रोल पंपों पर 'डीजल उपलब्ध नहीं' के बोर्ड लगे हैं, जबकि जहां सीमित आपूर्ति हो रही है, वहां सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। 44 डिग्री की भीषण गर्मी में किसान ट्रैक्टर, केन और ड्रम लेकर घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं, लेकिन कई बार उन्हें खाली हाथ ही लौटना पड़ रहा है। इससे किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

पंप संचालकों का कहना है कि टैंकरों की आपूर्ति समय पर नहीं पहुंच रही है। 3 से 4 दिन के अंतराल से डीजल मिलने के कारण स्टॉक खत्म होते ही पंप सूख जाते हैं। यही कारण है कि मांग और आपूर्ति के बीच बड़ा अंतर बन गया है। स्थिति यह है कि किसान अब डीजल का अतिरिक्त भंडारण करने लगे हैं, जिससे संकट और गहराता जा रहा है।

डीजल की कमी का सबसे बड़ा असर खेती-किसानी पर पड़ रहा है। मानसून पूर्व जुताई और मशागत का यह महत्वपूर्ण समय होता है, लेकिन ईंधन के अभाव में ट्रैक्टरों के पहिए थमने लगे हैं। किसानों का कहना है कि एक-एक दिन की देरी खरीफ फसलों के लिए भारी पड़ सकती है। विशेष रूप से सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलों की समय पर बुवाई नहीं होने से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है, वहीं लागत बढ़ने का खतरा भी बना हुआ है। इस संकट का असर केवल आगामी खरीफ सीजन तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्तमान में चल रही गेहूं उपार्जन व्यवस्था पर भी इसका प्रभाव साफ नजर आने लगा है। कई किसानों को अपनी उपज वेयरहाउस और खरीदी केंद्रों तक पहुंचाने में परेशानी हो रही है। ट्रैक्टर-ट्रॉली के संचालन में बाधा आने से परिवहन धीमा पड़ गया है, जिससे गेहूं के उठाव और भुगतान प्रक्रिया में देरी की आशंका बढ़ गई है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ सकता है।




इधर मूंग खरीदी को लेकर भी चिंता गहराने लगी है। तहसील में बड़ी संख्या में किसानों ने मूंग की फसल ली है और कटाई का कार्य जारी है। कई किसानों की उपज तैयार है, लेकिन डीजल की कमी के कारण उसे मंडियों और खरीदी केंद्रों तक पहुंचाना मुश्किल हो सकता है। यदि समय पर परिवहन नहीं हो पाया तो किसानों को दाम और तौल दोनों में नुकसान उठाना पड़ सकता है, जिससे बाजार में अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है।

वहीं, डीजल संकट का असर विकास कार्यों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। बुधनी से संदलपुर नेशनल हाईवे निर्माण और इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन जैसे करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट्स की रफ्तार धीमी पड़ गई है। निर्माण एजेंसियों को भी डीजल के लिए पंपों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। बारिश से पहले मिट्टी और मुरम डालने जैसे कार्य तेजी से पूरे करने होते हैं, लेकिन ईंधन की कमी के चलते काम प्रभावित हो रहा है। यदि समय पर डीजल की आपूर्ति नहीं सुधरी, तो इन परियोजनाओं में और देरी हो सकती है।

किसानों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि सप्लाई चेन में आ रही बाधाओं को दूर कर पंपों तक नियमित टैंकर पहुंचाए जाएं और आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त कोटा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही कृषि कार्यों को प्राथमिकता देते हुए किसानों के लिए अलग से डीजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।

फिलहाल भैरुंदा में डीजल संकट ने खेती और विकास दोनों की रफ्तार को थाम दिया है। खरीफ की तैयारियों, गेहूं के परिवहन और मूंग खरीदी तीनों पर इसका असर साफ नजर आ रहा है। अब सभी की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि इस संकट से राहत कब तक मिलती है।

## 31 मई को आयोजित होगी खाटू श्याम की भजन संध्या

**सीहोर**। हिन्द रक्षक युवा समिति के अध्यक्ष आयूष राठौर ने बताया कि विगत तीन वर्षों से निरंतर आयोजित कराई जाने वाली खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन इस वर्ष भी दिनांक 31 मई 2026 को सांय 7 बजे हिन्द रक्षक युवा समिति के तत्वावधान में स्थानीय इंग्लिशपुरा मेन रोड सीहोर में आयोजित होने जा रही है। जिसकी तैयारी को लेकर बुधवार, 20 मई 2026 को पत्रकार वार्ता अयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में समिति के संरक्षक विवेक राठौर ने बताया कि आयोजित खाटू श्याम भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायिका गौरी साक्षी, भजन बायक मारूति नन्दन, भजन गायक उत्कृष्ठ अग्रवाल सीहोर के श्रीमुख से खाटू श्यामजी के सुमधुर भजन की रंगारंग प्रस्तुति दी जावेगी एवं बाबा खाटू श्याम का दिव्य दरबार दिल्ली के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सजाया जावेगा। जिसमें पुष्प व इत्र वर्षा एवं गगन चुम्भी आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। उक्त धार्मिक आयोजन में समिति के संरक्षक नरग पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, विवेक राठौर, उत्कृष्ठ अग्रवाल, अध्यक्ष आयूष राठौर एवं समिति के शशांक दिवान, तरूण चौरसिया, अंकित शर्मा, रितिक अरोरा, सत्यम राठौर, उज्जवल राठौर, नट्टु राठौर, प्रिंस राठौर, आयूष राठौर, मितेश धाड़ी, भानू राठौर, अमित गोगिया, संस्कार राठौर, आर्यन दिवान, भविष्य सेन, आयूष त्यागी, आकाश त्यागी, अदित्यमान, भय्यु कल्हाडिया, आयुष्मान कुल्हाडिया, हर्ष राठौर, संतोष राठौर शामिल हैं।

## विक्रम मस्ताल ने की स्लॉट बुकिंग से वंचित किसानों के लिए 48 घंटे का अतिरिक्त मौका देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

सीहोर जिले में गेहूं उपार्जन व्यवस्था के बीच किसानों की परेशानियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक ओर सरकार द्वारा खरीदी की समय-सीमा बढ़ाकर 28 मई तक करने का निर्णय लिया गया है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में किसान अब भी तुलाई और स्लॉट बुकिंग जैसी मूलभूत प्रक्रियाओं से जूझ रहे हैं। इस पूरे मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि विक्रम मस्ताल हनुमान ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

जानकारी के अनुसार जिले में लगभग 92 हजार किसानों ने स्लॉट बुकिंग कराई थी, जिनमें से करीब 84 हजार किसानों की तुलाई पूरी हो चुकी है। बावजूद इसके अभी भी 6 से 6.5 हजार किसानों की तुलाई शेष है। इससे भी बड़ी समस्या उन किसानों की है, जो तकनीकी खामियों, इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या, सर्वर डाउन और पंजीयन संबंधी त्रुटियों के चलते स्लॉट बुकिंग ही नहीं करा पाए। ऐसे किसान अब अपनी उपज बेचने को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं।



इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए विक्रम मस्ताल (हनुमानजी) ने कहा कि सरकार द्वारा समय बढ़ाना स्वागत योग्य कदम जरूर है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। उन्होंने स्पष्ट रूप से मांग की कि जिन किसानों को तकनीकी कारणों से स्लॉट बुकिंग का अवसर नहीं मिल पाया है, उनके लिए कम से कम 48 घंटे की अतिरिक्त स्लॉट बुकिंग तत्काल शुरू की जाए। उनका कहना है कि इससे वंचित किसानों को भी अपनी फसल बेचने का समान अवसर मिल सकेगा।

उन्होंने आगे कहा कि किसान पूरे साल कड़ी मेहनत करता है और अपनी फसल को तैयार करता है। ऐसे में यदि समय पर उसकी तुलाई नहीं हो पाती है तो उसे भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। यह केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि किसान के सम्मान और आत्मसम्मान से जुड़ा विषय है। सरकार को इस संवेदनशीलता को समझते हुए त्वरित और प्रभावी निर्णय लेने की आवश्यकता है। विक्रम मस्ताल हनुमान ने यह भी कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि तकनीकी अव्यवस्थाओं के कारण किसान अपनी उपज बेचने से वंचित रह जाता है, तो यह व्यवस्था की विफलता मानी जाएगी।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जमीनी स्तर पर भी निगरानी बढ़ाई जाए और जिन केंद्रों पर तुलाई धीमी है, वहां अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

अंत में उन्होंने कहा कि किसान का सम्मान ही देश का सम्मान है। किसानों की आवाज़ को मजबूती से उठाना उनका कर्तव्य है और वे आगे भी किसानों के हितों के लिए संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर हजारों किसानों को राहत प्रदान करेगी।

## 47 लाख रुपए से अधिक के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण, नगर में विकास को मिली नई गति

**सीहोर**। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 7, 8 एवं 11 में लगभग 47 लाख रुपये से अधिक लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि बारिश से पहले शहर में सभी जर्जर सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा जल भराव की समस्या को दूर करने के लिए नालियों का निर्माण किया जा रहा है।

वार्ड क्रमांक 7 में विभिन्न आंतरिक गलियों के विकास कार्यों के साथ लगभग 24 लाख रुपये लागत की सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। क्षेत्रवासियों ने लंबे समय से बेहतर सड़क सुविधा की मांग की थी, जिसके पूर्ण होने पर नागरिकों में उत्साह देखा गया। वहीं वार्ड क्रमांक 8 में इंग्लिशपुरा मस्जिद से लेकर नाले तक 9 लाख 32 हजार रुपये लागत की नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस निर्माण कार्य से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और नागरिकों को बरसात के समय होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी।



इसके अतिरिक्त वार्ड क्रमांक 11 में अंबेडकर पार्क के पीछे बाउंड्री वॉल, टीन शेड एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। लगभग 13 लाख 68 हजार रुपये लागत से होने वाले इस कार्य से क्षेत्र की सुंदरता बढ़ने के साथ नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कर रही है। जनता की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए सड़क, नाली, पेवर ब्लॉक एवं सौंदर्यीकरण जैसे कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी शहर के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य किया जाएगा ताकि सीहोर नगर को एक आदर्श एवं सुव्यवस्थित शहर बनाया जा सके। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद प्रतिनिधि विजेंद्र परमार, दिनेश कुशवाहा, लोकेन्द्र वर्मा, राजेश माझी, कमलेश राठौर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित

## राजीव गांधी उन महान नेताओं में थे, जिन्होंने आधुनिक भारत की नई तस्वीर गढ़ी: राजीव गुजराती

**सीहोर**। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता एवं सीहोर विधानसभा प्रभारी दिनेश मेघानी शहर ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम यादव के विशेष अतिथ्य में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा राजीव गांधी के चित्र के समक्ष पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें याद करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस मौके पर राजीव गुजराती ने राजीव गांधी को याद करते हुए अपने व्यतव्य में कहा कि कुछ लोग इतिहास पढ़ते हैं, कुछ लोग इतिहास रचते हैं, राजीव गांधी जी उन महान नेताओं में थे, जिन्होंने आधुनिक भारत की नई तस्वीर गढ़ी। स्व. राजीव गांधी जी ने भारत को आधुनिक सोच, तकनीकी विकास, कंप्यूटर क्रांति और युवा शक्ति की नई पहचान दी। उन्होंने देश को 21वीं सदी की ओर ले जाने का सपना देखा और उस दिशा में अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए।

उनकी दूरदर्शी सोच, सरल व्यक्तित्व और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण आज भी करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणा है। देश के विकास, संचार क्रांति, शिक्षा और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा।

गांधी आधुनिक भारत के निर्माता भारत में सूचना एवं तकनीकी क्रांति के जनक, पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने वाले तथा देश के युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार दिलाने वाले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

इस अवसर पर विवेक राठौर, ओम वर्मा, नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, रमेश गुप्ता, डॉ.अनीस खान, भूरा यादव, विजय उपाध्याय, दिनेश भेरवे, राकेश वर्मा, नरेन्द्र खंगराले, आशीष गेहलोत, राम प्रकाश चौधरी, हसीन कुरैशी, इरफान लाला, मजीद अंसारी, कलीम पठान, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल, ममता शर्मा, के.के.रिछारिया, मुकेश गड़ोदिया, प्रेम नारायण परमार, रामायण प्रसाद शुक्ला, कमलेश चाण्डक, तारा यादव उपस्थित रहे।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विजेन्द्र, राहुल आ० जगदीश, सागर बाई पत्नी जगदीश, टीना पुत्री जगदीश, हिना पत्नी विजेन्द्र सभी निवासी खजुरिया कासम तहसील आष्टा, जिला सीहोर म.प्र.) शकुंतला पुत्री रहमान निवासी कजलास, सीमा पुत्री रहमान निवासी उज्जैन सभी जाति मेहतर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि
भूमि का विवरण : ग्राम - खजुरिया कासम तहसील - आष्टा जिला - सीहोर (म.प्र.)
खसरा नंबर - 11/1/2/2 रकबा 3.75 एकड़
भूमि की सीमाएं :
पूर्व - सुन्दर लाल की भूमि
पश्चिम - रुपसिंह सेंधव की भुमि
उत्तर- शासकीय कच्चा रास्ता
दक्षिण - हरनाथ सिंह की भूमि का क्रय करने का अनुबंध पत्र विजेन्द्र कुमार आ० श्री रतन सिंह जाती बलाई निवासी ग्राम खजुरिया कासम तहसील आष्टा जिला सीहोर से किया है एवं गवाहन के समक्ष बयाना राशि अदा कर दी है सिर्फ. रजिस्टर्ड विक्रय पत्र सम्पादित करना शेष है।
उक्त भूमि के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या विभाग को किसी प्रकार का दावा, आपत्ति, अधिकार, बंधक, ऋण, वाद या अन्य कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपने वैध एवं प्रमाणित दस्तावेजों सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें।
निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर यह माना जाएगा कि किसी को कोई दावा नहीं है तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। इसके पश्चात उक्त भूमि के संबंध में पंजीयन/विकास/क्रय-विक्रय कार्य विधिसम्मत रूप से किए जाएंगे।
सर्व साधरण को सुचित हो

भवदीय, **निलेश कुमार शर्मा,**
अधिवक्ता आष्टा, मो. 9993169710

गायत्री प्रज्ञापीठ धामंदा में विदाई समारोह आयोजित किया

# शांतिकुंज रवाना हुईं धामंदा की 50 बेटियां राजस्व मंत्री ने दिया एक लाख का सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

गायत्री परिवार की प्रज्ञा मंडल धामन्दा की 50 बेटियां बुधवार को शांतिकुंज हरिद्वार के लिए श्रद्धा, उत्साह और संकल्प के साथ रवाना हुईं। ये बालिकाएं शांतिकुंज में प्रशिक्षण एवं संस्कार प्राप्त कर क्षेत्र में नवचेतना, नैतिक जागरण एवं युग निर्माण के संदेश को घर-घर पहुंचाने का कार्य करेंगी। प्रस्थान के पूर्व मां गायत्री प्रज्ञापीठ धामन्दा में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया, जहां बालिकाओं का मंगल तिलक, पुष्पवर्षा एवं गायत्री मंत्रोच्चार के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। पूरे वातावरण में आध्यात्मिक



ऊर्जा और उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। इस दौरान राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा द्वारा बालिकाओं की यात्रा हेतु निजी रूप से 1 लाख की सहयोग राशि प्रदान की गई। यह राशि युवा नेता विष्णु वर्मा के माध्यम से प्रज्ञा पीठ धामन्दा के टीम नायक शिवनारायण सोनानिया को भेंट की गई। बताया जा रहा है कि मंत्री श्री वर्मा पूर्व में भी क्षेत्र की अनेक बेटियों को शांतिकुंज भेजने हेतु सहयोग प्रदान कर चुके हैं। गायत्री परिवार ने मंत्री श्री वर्मा जी के इस सहयोग को "नारी जागरण, संस्कार निर्माण एवं राष्ट्र चेतना की दिशा में अनुकरणीय पहल" बताया। इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि भाजपा युवा नेता विष्णु वर्मा, महेश विजयवर्गीय, भगवत सिंह मल्होत्रा, सरपंच, डॉ. तेजराज , दुर्गाप्रसाद महेश्वरी, कैलाश केशरिया, दुर्गेश नागर, अनिल पटेल, साधना दीदी राठौर, पिंकी यादव, उमा वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् सीहोर जिला सीहोर (म.प्र.)**

ई-निविदा सूचना
मध्य प्रदेश शासन
प्रथम आमंत्रण

एन.आई.टी./2096/है. शा/ई-टेंडर 2026 सीहोर दिनांक 21.05.2026

निम्नलिखित निर्माण हेतु ठेकेदार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडो को पूरा करती हो ऑनलाईन बोली आमंत्रित हैं-

| क्र. | क्र.सं/पैकेज | आपूर्तियाँ | संभावित राशि | अमानत राशी | निविदा शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_509588_1 | Tender for Digging of bore-well at different place Under Municipal Council Sehore. | 3123567/- | 32000/- | 5000/- | 1 माह |

1- इच्छुक बोलीदाता वेबसाईट http://mptenders.gov.inपर NIT देख सकते है।
2- बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 11:00 (time) 22/05/2026 to 17:30 (time) 30/05/2026 तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है ।
3- NIT में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।

**विकास प्रिंस राठौर**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद सीहोर**

**सुधीर कुमार**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सीहोर**

घिरी सड़क से लोगों में नाराजगी, कहीं से वाहन निकालना दुश्वार तो कहीं राहगीर परेशान

# भेरू दरवाजा रोड पर निकलना मुश्किल दुकानों के बोर्ड, बैनर-वाहन बने बाधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। हालांकि यह कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब मुख्य सड़कें ही पार्किंग स्थल में तब्दील होने लगें तो आमजन की परेशानी बढ़ना स्वाभाविक है।

ऐसा ही नजारा प्रतिदिन सारंगपुर के मुख्य मार्ग भेरू दरवाजा रोड पर देखने को मिल रहा है, जहां सड़क पर अव्यवस्थित पार्किंग और अतिक्रमण के कारण लोगों को निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। स्थिति यह है कि सड़क के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा सामान फैलाने के साथ-साथ बैनर, पोस्टर और बड़े-बड़े बोर्ड लगा दिए गए हैं। वहीं दुकानों पर आने वाले ग्राहक एवं कई दुकानदार अपने वाहन भी सड़क पर इस प्रकार खड़े कर देते हैं मानो सड़क निजी पार्किंग स्थल हो। इसके कारण मार्ग संकरा हो जाता है और दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है।

सड़क पर एक ओर ठेले वाले अपनी रोजी-रोटी के लिए खड़े रहते हैं, तो दूसरी ओर अव्यवस्थित पार्किंग समस्या को और बढ़ा देती है। कई बार नगर पालिका और पुलिस प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है, लेकिन कुछ दिनों बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा नियमित और सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में समस्या और गंभीर हो सकती है।

अब जागरूक नागरिक सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को उठा रहे हैं और पोस्ट वायरल कर रहे हैं कि "यह सड़क नहीं, पार्किंग स्थल बन चुका है।" अब देखना यह होगा कि पुलिस और नगर पालिका प्रशासन इस समस्या पर कब गंभीरता से ध्यान देता है।

## कुरावर में स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत विशेष सफाई अभियान जारी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान लगातार चलाया जा रहा है। नगर परिषद सीएमओ लीलाधर सेन के नेतृत्व में नगर के विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किए जा रहे हैं। अभियान के तहत नालियों की विशेष सफाई, डिवाइडरों की सफाई, नागरिकों से फीडबैक प्राप्त करना एवं टीचिंग मैदान चांद बड़ली क्षेत्र में दवा छिड़काव कराया गया। साथ ही कैसोलिक पावडर एवं फेनोलिक पावडर का उपयोग कर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया गया। नगर परिषद द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से कचरा संग्रहण कार्य भी किया जा रहा है। इसके अलावा "जल गंगा संवर्धन अभियान" के तहत कुआं एवं बावड़ी की सफाई, जल बचाओ-जल संरक्षण को लेकर मुनादी कर आमजन को जागरूक किया गया। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए वार्ड स्तर पर प्रभारी दलों का गठन भी किया गया है।

नगर परिषद की टीम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड एवं गलियों का भ्रमण कर नागरिकों की सफाई, पेयजल एवं विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी दीपक राठौर एवं नगर के स्वच्छता अधिकारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर की रैंकिंग सुधारने हेतु सीएमओ लीलाधर सेन के निर्देशन में विगत वर्ष की तुलना में अधिक प्रयास किए जा रहे हैं और नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए निरंतर अभियान जारी रहेगा।



# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में मेडिकल स्टोर्स बंद, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ऑनलाईन दवा बिक्री के विरोध में बुधवार को सारंगपुर सहित पूरे राजगढ़ जिले के मेडिकल संचालकों ने अपनी दुकानों को सांकेतिक रूप से बंद रखा। जिला राजगढ़ औषधि विक्रेता संघ के बैनर तले मेडिकल संचालकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम तहसीलदार आकाश शर्मा को ज्ञापन सौंपकर ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में मेडिकल संचालकों ने बताया कि बिना स्पष्ट कानूनी प्रावधानों के ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री की जा रही है, जिससे मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है।

उन्होंने कहा कि फर्जी प्रिसक्रिप्शन के आधार पर दवा वितरण, बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाओं की उपलब्धता और भारी छूट देकर दवाओं की बिक्री जैसी गतिविधियां स्वास्थ्य व्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं।मेडिकल संचालकों ने यह भी कहा कि ऑनलाइन दवा कंपनियों की वजह से छोटे मेडिकल व्यवसायियों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति बन रही है।

ज्ञापन में मांग की गई कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। संघ पदाधिकारी रूपेश जोशी ने बताया कि यह आंदोलन ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एवं मध्यप्रदेश राज्य केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान शकील अली,शोएब मंसूरी सहित बड़ी संख्या में मेडिकल संचालक उपस्थित रहे।

## दवा विक्रेताओं ने बंद रखीं मेडिकल दुकानें, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



दवा विक्रेताओं द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल रखकर दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। जिला राजगढ़ औषधि विक्रेता संघ के आव्हान पर नगर के दवा विक्रेताओं द्वारा अपने प्रतिष्ठान बंद रखे , एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के रूप में रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया , जिसमें संभागीय आयुक्त , जिला कलेक्टर , एसडीएम को भी ज्ञापन प्रेषित किया गया। औषधि विक्रेता संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री जन स्वास्थ्य पर उत्पन्न गंभीर खतरे तथा छोटे केमिस्टों के संरक्षण हेतु तत्काल हस्तक्षेप किए जाने हेतु। विभिन्न बिंदुओं जिसमें अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरुद्ध तत्काल एवं कठोर कार्रवाई की जाए। बिना वेध एवं सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन दवा की बिक्री एवं होम डिलीवरी बंद की जाए। जीआरएस बी 17 (ई) एवं जीआरएस 220 (ई) को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए , ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा अपनाई जा रही अत्यधिक छूट नीति पर रोक लगाई जाए जैसे विभिन्न बिंदुओं की मांग की।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय मास्टर वालंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय मास्टर वालंटियर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम म.प्र. जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान (वाल्मी), भोपाल द्वारा आयोजित किया गया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मास्टर वालंटियर्स की भूमिका, नशा मुक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के बेहतर संचालन हेतु आवश्यक तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में प्रशिक्षण समन्वयक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय विभाग भोपाल के डॉ. अतुल कुमार रायजादा, वाल्मी से नीरज बादिल एवं संगीता त्रिपालियाएवं डिप्टी कलेक्टर डॉ. ज्योति बगबैया तथा जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अर्पित गुप्ताउपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नशे से होने वाले बुरे प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, बिना नशे के जीवन के महत्व को बताया गया एवं इसे जमीनी स्तर पर नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अत्यंत उपयोगी बताया। उद्देश्य मास्टर वालंटियर्स को सशक्त बनाकर नशा मुक्ति को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाना रहा।

## पेंशनर संघ जिला सम्मेलन 24 को

जीरापुर। पेंशनर संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 24 मई को भावसार धर्मशाला में रखा गया है। पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने बताया कि यह आयोजन भावसार समाज धर्मशाला में प्रातः 11.30 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नए पेंशनर का स्वागत तथा स्थानीय तथा जिले के अतिथि पेंशनर का को सम्मानित किया जाएगा। समस्त पेंशनर को आमंत्रण पत्र भेजकर सादर आमंत्रित किए गए हैं। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित दिनेशकुमार नागर जिला अध्यक्ष पेंशन राजगढ़ करेंगे।

# भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मप्र आदिवासी वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित योजनाएँ भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना दोनो योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के युवकध्युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु बैंक के सहयोग से एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना अंतर्गत उद्योग (विनिर्माण) के लिए 1 लाख रूपये से 50 लाख रूपयेतक की उद्योग परियोजनाएँ जैसे एग्रो प्रोसेसिंग, फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, मिल्क प्रोसेसिंग इसी प्रकार की अन्य सभी प्रकार की परियोजनाएँ। सेवा एवं खुदरा व्यवसाय हेतु 1 लाख रूपयेसे 25 लाख रूपये तक जैसे ब्यूटी पार्लर, वाहन मरम्मत, फूटवेयर मरम्मत, होटल, ढाबा, मोबाईल रिपेरिंग, किराना व्यवसाय, कपडा व्यवसाय एवं अन्य व्यवसाय हेतु। पात्रता अनुसूचित जनजाति का सदस्य हो, शैक्षणिक योग्यता 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण, आय सीमा परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपयेसे अधिक न हो, आवेदक किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से का डिफाल्टर न हो, आवेदक वर्तमान में राज्य अथवा केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही न हो, आयु 18 से 45 वर्ष होना चाहिए। वाहन हेतु ड्राईविग लाईसेंसएवं वाहन का कोटेशन।वित्तीय सहायता ब्याज अनुदान हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित ६ शेष ऋण पर 5 प्रतिशत अथवा वास्तविक (जो भी कम हो) की दर से ब्याज अनुदान 7 वर्षों तक (मोटोरियम अवधि सहित) नियमित रूप से ऋण भुगतान (निर्धारित समय सीमा एवं राशि) की शर्त पर निगम द्वारा त्रैमासिक दिया जाएगा।

टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना सभी प्रकार के स्वरोजगार योजना हेतु 10 हजार रूपयेसे लेकर 1 लाख रूपयेतक की परियोजनाएँपात्रता अनुसूचित जनजाति का सदस्य हो, शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं हैं, आय सीमा आवेदक आयकर दाता न हो, आवेदक किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से का डिफाल्टर न हो, आवेदक वर्तमान में राज्य अथवा केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही न हो, आयु 18 से 55 वर्ष होना चाहिए। वित्तीय सहायता ब्याज अनुदान हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित शेष ऋण पर 7 प्रतिशत अथवा वास्तविक (जो भी कम हो) की दर से ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक (मोटेरियन अवधि सहित) नियमित रूप से ऋण भुगतान (निर्धारित समय एवं राशि) की शर्त पर निगम द्वारा त्रैमासिक दिया जाएगा।

# ऑनलाइन दवा बिक्रय के विरोध में अशोकनगर शहर के मेडिकल स्टोर बंद रहे, रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




जिला कैमिस्ट एशोसियसन ने ऑनलाईन दवा विक्रय के विरोध में वुधवार को रैली निकालकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शहर से लेकर जिले भर तक की दवाओं की दुकानें बंद रहीं। इस दौरान कैमेस्टि एशोसियसन ने अशोकनगर शहर में रैली निकाली जिसमें जिले भर के दवा विक्रता शामिल हुए।

इस दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि ऑन लाईन ई-फार्मेसी के अनियंत्रित संचालन और बड़े कॉर्पोरेट द्वारा प्री डेटोरी प्राइसिंग के कारण छोटे और मध्यम मेडीकल संचालकों के सामने अस्तित्व का संकट पैदा हो गया है। इस दौरान कैमेस्टि एशोसियसन ने केन्द्र सरकार से 28 अगस्त 2018 और 26 मार्च 2020 की अधिसूचना वापिस लेने की मांग की। दवा विक्रेताओं का कहना है कि यह अधिसूचना कोरोना काल में जारी की गई थी, जिसका अब दुरूपयोग किया जा रहा है।

मेडीकल व्यापार में बड़े कॉर्पोटस द्वारा भारी छूट से निष्पक्ष व्यापार की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। यह भी देखने में आ रहा है कि बिना डॉक्टरों के पर्चे के दवाओं की विक्री एंटीवाइटिक और आदत बनाने वाली दवाईयां आसानी से उपलब्ध कराई जा रही है। दवा विक्रेताओं की हड़ताल के कारण अशोकनगर शहर के मेडीकल स्टोर पूरे दिन बंद रहे। कई उपभोक्ता दवाईयों के लिए भटकते रहे।

# पिपरई नगर में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पर कार्रवाई कर कब्जा मुक्त करवाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार शासकीय जमीनों पर जो अवैध कब्जे किए गए हैं। उनके ऊपर कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसके पालन में आज नगर में जो शासकीय जमीन पर कब्जा किये हैं उन पर कार्रवाई कर कब्जा मुक्त करवाया। वुधवार को अनुविभागीय अधिकारी इसरार खान मुंगावली, तहसीलदार अंजली कुमार तहसील पिपरई एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा नगर परिषद पिपरई की उपस्तिथि मे भूमि स्थित पिपरई के शासकीय सर्वे क्रमांक 236 रकवा 0.523 हे० भूमि का राजस्व निरीक्षक महोदय एवं हल्का पटवारी द्वारा सीमांकन किया गया सीमांकन में उपरोक्त भूमि पर फजीलत बी बेवा गुलाम खां जाति मुसलमान, हाफिज खां पुत्र बस्सु खां जाति मुसलमान , ललित पुत्र सुनील सोनी जाति सोनी का कॉलोनी के लिये रास्ता बनाकर एवं तार फेंसिंग कर अतिक्रमण भूमि का गाइड लाईन के अनुसार बाजार मूल्य 1583777 रूपये है एसडीएम इसरार खान ने कलेक्टर साकेत कुमार मालवीय के निर्देश अनुसार यह शासकीय जमीन पर कार्रवाई कर कब्जा मुक्त करवाया है।

## लगातार बिजली कटौती के विरोध में युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर बुधवार को युवक कांग्रेस के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया तथा संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली जाने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## "जीवन मूल्य" राष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता में साहित्यकार सारंग को मिला छठवां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



हरियाणा के रोहतक जिले स्थित आचार्य अकादमी चूलियाना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता में सारंगपुर के वरिष्ठ साहित्यकार, कवि एवं चित्रकार सुशील व्यास सारंग को छठा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रतियोगिता का विषय "जीवन मूल्य" था, जिसमें देशभर के हिंदी भाषी साहित्यकारों एवं कलमकारों ने सहभागिता की। अकादमी द्वारा समय-समय पर राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिसके माध्यम से प्रतिभागियों को नवीन विषयों पर चिंतन, सृजन एवं साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त होता है। प्रतियोगिता में चयनित दस प्रतिभागियों में स्थान प्राप्त कर श्री व्यास ने नगर का गौरव बढ़ाया है। श्रीव्यास सारंग की कविताएं, गीत एवं रचनाएं विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर प्रकाशित होती रहती हैं। उनकी साहित्यिक रचनाओं में आध्यात्मिकता, राष्ट्रभावना एवं मानवीय मूल्यों की विशेष झलक दिखाई देती है। मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा उनकी पुस्तक "जलता रहूं दीप बनकर" भी शीघ्र प्रकाशित होने जा रही है। वे नगर में समय-समय पर काव्य गोष्ठियों एवं साहित्यिक आयोजनों का संचालन कर साहित्यिक वातावरण को सक्रिय बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। नगर में हर्ष का वातावरण है। इसमें राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल सहित जितेंद्र पाठक, वरिष्ठ साहित्यकार मुरलीधर सोनी, सत्यनारायण शर्मा, पेंशनर संघ अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण त्रिकार आदि समेत कई लोग मौजूद थे।

## संपर्क अभियान के अंतर्गत जिले में 11 स्थानों पर शिविरों का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



संपर्क अभियान 2026 के अन्तर्गत अशोकनगर जिले में 20 मई को 11 स्थानों पर शिविरो का आयोजन किया गया। जिसमें विल संबंधी एवं अन्य विषयो के संबंध में 608 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से 450 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही शिविर के दौरान किया गया। उक्त शिविर में 176 घरेलू तथा 84 कृषि उपयोग हेतु नवीन सर्विस कनेक्शन मौके पर ही जारी किये गये एवं 39 उपभोक्ताओ के नाम परिवर्तन किये गये, खराव मीटरो को मौके पर ही वदला गया, वोल्टेज संबंधी शिकायतो का निराकरण किया गया। ट्रांसफार्मर मेंटेनेंश भी शिविर के दौरान कराया गया। उपभोक्ताओ से शिविर के दौरान लगभग 10.78 लाख रूपये की वसूली की गई। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर की प्रदर्शनी भी सभी 11 शिविरो में उपभोक्ताओ एवं गणमान्य जन प्रतिनिधियो के समक्ष डिजिटल मीटर तथा स्मार्ट मीटर की विद्युत खपत की तुलना करने पर दोनों मीटरों की विद्युत खपत समान पाई गई।

## खबर संक्षेप

### यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई ने निकाला मशाल जुलूस



**आष्टा।** नगर में यूथ कांग्रेस एवं एनएसयूआई के संयुक्त तत्वावधान में मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार एवं शिक्षा मंत्रालय के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। मशाल जुलूस में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता एवं छात्र शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में मशाल और तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होना देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि देशभर के 22 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं ने कठिन परिश्रम और संघर्ष के साथ परीक्षा की तैयारी की थी तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के सपने संजोए थे, लेकिन भ्रष्टाचार और पेपर लीक माफियाओं ने उन सपनों को तोड़ने का काम किया है। इस घटना ने लाखों युवाओं का भविष्य अधर में लटका दिया है, जिससे छात्रों और अभिभावकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।यूथ कांग्रेस एवं एनएसयुआई नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुरक्षित और पारदर्शी बनाए रखने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। मशाल जुलूस में मुख्य रूप से अखिलेश राजपूत, अन्वेष पटेल, राहुल पटारिया, विजय सोलंकी, आशुतोष नामदेव, निखिल कुशवाहा, देवराज मालवीय, देवेंद्र राजपूत, यशवंत मालवीय, सचिन भीष्म, निखिल कुशवाह, कीर्तन कुशवाहा, जयदीप ठाकुर, राजू, अजय, सनी चौहान, भवानी यादव, राज कुशवाहा, प्रशांत गोल्डी, अखलेश मालवीय, शुभम, महेश, नीरज, चंदर सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दिन-रात बिजली कटौती से नागरिक बेहाल, 24 घंटे बिजली के वादे फेल

# बिजली संकटः अघोषित कटौती के कारण गर्मी में कूलर, पंखे हुए शो-पीस, पुराना जमाना लौटा, हाथ के पंखे बने सहारा



बिजली कटौती से गांव में यह हालात

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही और मनमानी के कारण स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी ग्रामीणों की दसा पर तरस नहीं आ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्दिगंज/कोठरी/जावर

भीषण गर्मी के बीच सिद्दीकगंज क्षेत्र में लगातार हो रही घंटों बिजली कटौती ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। दिन हो या रात, बार-बार बिजली गुल होने से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों और कस्बे के नागरिकों का कहना है कि सरकार द्वारा 24 घंटे बिजली देने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत दिखाई दे रही है। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बिना पूर्व सूचना के बिजली कटौती की जा रही है। रात के समय लंबे पावर कट के कारण लोगों की नींद खराब हो रही है, वहीं दिन में बिजली नहीं रहने से पानी की समस्या, व्यापार और घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। छोटे दुकानदारों, विद्यार्थियों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही और मनमानी के कारण स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि जब बिजली बिल समय पर वसूला जाता है, तो उपभोक्ताओं को नियमित बिजली क्यों नहीं मिल रही।

### ग्रामीणों ने विधायक से भी कई बार लगाई गुहार, बिजली अधिकारी भी नहीं सुनते

क्षेत्रवासियों ने यह भी सवाल उठाया कि आखिर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और विधायक इस गंभीर समस्या पर ध्यान क्यों नहीं दे रहे हैं। चुनाव के समय विकास और बेहतर सुविधाओं के वादे किए जाते हैं, लेकिन अब जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। गर्मी के इस मौसम में लगातार बिजली कटौती से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और मरीजों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह होगा कि बिजली विभाग और जनप्रतिनिधि जनता की इस बड़ी समस्या पर कब तक गंभीरता दिखाते हैं, या फिर सिद्दीकगंज की जनता यूं ही अंधेरे में रहने को मजबूर रहेगी।

### हाथ पंखें बने ग्रामीणों का सहारा

भीषण गर्मी में बिजली कंपनी की मनमानी का खामियाजा बुजुर्ग ग्रामीण और बच्चे भुगत रहे है, कभी आधी रात को तो कभी भरी दोपहरी में बिजली कटौती हो रही है, एसे में गर्मी के कारण दो पल का सूकन भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। इस कारण अब ग्रामीणों ने बिजली कटौती से परेशान होकर प्राचीन हाथ पंखे का सहारा लेना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कंपनी के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण अज पुराने दिन वापस लौट आए है। मजबूरी में हाथ से झालने वाले पंखे ही गर्मी से राहत दे हरे है, क्यों की बिजली कटौती का कोई समय निश्चित नहीं है। बिजली नहीं होने के कारण गर्मी में बुजुर्ग और बच्चों की हालत सबसे ज्यादा खराब है। जब बिजली विभाग अधिकारी से बिजली कटौती के बारे में पूछा जाता है तो बताया जाता है कि बिजली काटने का हमारे पास आगे से आदेश है तभी हम बिजली कटौती करते हैं।

### लोड सेटिंग के नाम पर बिजली कटौती, ग्रामीण पसीन में हो रहे तर-बतर




**कोठरी।** एक तरफ आसमान से आग बरस रही है, तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच चुका है, दूसरी तरफ कोठरी में अघोषित बिजली कटौती ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि प्रतिदिन रात्रि के समय कई घंटे तक बिजली गुल हो रही है, वहीं दिन में भी लोड सेटिंग के नाम पर बार-बार सप्लाई बंद कर दी जाती है। भीषण गर्मी में बिजली कटौती से लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोठरी से हर प्रकार के टैक्स और शुल्क शहरी क्षेत्र के हिसाब से वसूले जाते हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर ग्रामीण क्षेत्र जैसी बदहाल बिजली व्यवस्था थोप दी गई है। सवाल यह उठ रहा है कि जब जनता से बिल और टैक्स पूरे लिए जा रहे हैं, तो फिर सुविधाएं आधी-अधूरी क्यों? गर्मी के कारण घरों में पंखे और कूलर बंद होते ही छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की हालत खराब हो जाती है। रात के समय बिजली गुल होने से लोगों की नींद तक छिन गई है। नागरिकों का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारी केवल "लोड सेटिंग" का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से बच रहे हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर जनता कब तक "लोड सेटिंग" के नाम पर गर्मी में तड़पती रहेगी? क्या बिजली विभाग के पास इतनी भी व्यवस्था नहीं कि भीषण गर्मी में निर्बाध सप्लाई दी जा सके? और यदि समस्या ऊपर से है, तो जनता को सही जानकारी और समय क्यों नहीं दिया जाता? कोठरी क्षेत्र के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो जनता सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। इस संबंध में कोठरी के जेईअरविन्द मंडलोई से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि लोड सेटिंग के कारण बिजली कटौती करनी पड़ती है। कब कटौती होगी, इसकी जानकारी हमें भी पहले से नहीं रहती।"कोठरी में बिजली ग्रामीण क्षेत्र की मिलती हैं।

### करणी सेना ने बिजली कटौती को लेकर ज्ञापन सौंपा



**जावर।** ठाकुर इश्वर सिंह चौहान जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर के आदेश अनुसार करणी सेना परिवार के कार्यकर्ताओ ने रात्रि के समय में बार बार बिजली कटौती को लेकर बिजली विभाग में ज्ञापन दिया ज्ञापन में लिखा गया कि गांव क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में बार बार बिजली कटौती होने से आमजन को अत्यधिक परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है , विशेष रूप से ग्रामिण क्षेत्रों में रात्रि के समय पुरी रात बिजली बंद रहती है जिससे आम नागरिकों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में कहा गया कि करणी सेना परिवार व्दारा आपको इस समस्या से अवगत कराया जा रहा है , बिजली विभाग के अधिकारी से निवेदन है कि उक्त समस्या का शीघ्र समाधान कराने की कृपा करें यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं होता है तो करणी सेना परिवार आगामी समय में विद्युत विभाग आष्टा डिवीजन का घेराव करने हेतु बाध्य होगा ज्ञापन देने में करणी सेना परिवार से संभाग महासचिव एवं सरपंच राजा ठाकुर कुण्डिया नाथू, कृष्णपाल ठाकुर, राहुल ठाकुर जावर,केपी ठाकुर, राहुल ठाकुर बीसुखेडी,भुपेंद्र ठाकुर, योगेश भावसार, राहुल ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नीट पेपर लीक, डीजल पेट्रोल गैस महंगाई और बिजली कटौती के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस ने विरोध रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गुरूवार को ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी एवं पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेडी की अगुवाई में डीजल पेट्रोल गैस सीएनजी के बड़े हुए दाम एवं नीट पेपर लीक घोटाला विद्युत कटौती सहित पांच मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। केन्द्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस एवं सीएनजी के दामों में लगातार बढ़ोतरी से आम जनता, किसान, मजदूर एवं मध्यम वर्ग अत्यधिक परेशान है। खेती, परिवहन एवं घरेलू खर्चों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा डीजल एवं पेट्रोल पर सर्वाधिक टैक्स वसूला जा रहा है, जिसके कारण आमजन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अतः डीजल-पेट्रोल पर लगाए गए करों में कटौती कर जनता को तत्काल राहत प्रदान की जाए। नीट परीक्षा घोटाले ने देश के लाखों विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का विश्वास तोड़ा है।

इस घोटाले के कारण अनेक छात्रों को मानसिक प्रताड़ना एवं तनाव का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से 22 लाख छात्रों को गंभीर मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी, जिससे उनका भविष्य एवं मनोबल प्रभावित हुआ है। इस मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक आधार पर इस्तीफा लिया जाए तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई कर निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्युत मंडल द्वारा लगातार अघोषित कटौती की जा रही जिससे नागरिकों का गर्मी से बुरा हाल दिन रात का चैन छीन लिया गया है कटौती के कारण गांव एवं शहर में पानी सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है विद्युत कटौती तत्काल बंद की जाए। सरकार द्वारा किसानों की उपज खरीदने के बाद उनके खातों से सीधे कर्ज की राशि काटी जा रही है, जिससे किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही एवं केवल टोकन देकर परेशान किया जा रहा है। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए तथा उनकी सहमति के बिना राशि कटौती बंद की जाए। नरवाई जलाने के मामलों में किसानों को नोटिस देकर उनके खिलाफ जुर्माना एवं प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं, जबकि अन्य उद्योगों एवं बड़े प्रदूषण स्त्रोतों पर समान कठोर कार्रवाई नहीं की जा रही। किसानों के खिलाफ दर्ज प्रकरण वापस लिए जाएं एवं इस विषय में संवेदनशील एवं न्यायपूर्ण नीति अपनाई जाए।

इस अवसर पर एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण महेश मुंदीखेड़ी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डु, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, कमल सिंह पहलवान,गुलाब बाई ठाकुर, जगदीश चौहान, महेंद्र टीपाखेड़ी,घनश्याम जांगड़ा, विक्रम सिंह बोरवेल, उदय सिंह बापचा, रमेश मेवाडा, प्रेम पटारिया, कमल मेवाड़ा, शैलेंद्र ठाकुर जावर, खालिद पठान लोकेंद्र बनवट,सन्नवर खान, नवाब बेरी, नरेंद्र कुशवाह,फेशुद्दीन, शाहिद ट्रेलर, भैया एम पी ,राजकुमार मालवीय, तोसिफउद्दीन, महमूद खान पार्षद, रसीद नेताजी ,शहिद टेलर, मनोहर पांडित्या,नफीस शाह,प्यारे पटेल फिरोज भोपली, अकबर शाह, मुजफरर पटेल, शाहरुख़ ख़ान, ज़फ़र उलला, कल्लू ख़ान, चन्द भाई, अशोक मंडलोई, दिलीप मालवीय, सतीश मेवाड़ा, देवेन राजपूत, गोकुल राठौर, शावेज़ खान दिलीप मालीखेड़ी, रमेश मालवीय बसंत बाई, सुनिता बाई, किशन बाई सीमा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थि रहे।

## जलगंगा संवर्धन सालों पुरानी बावड़ी की हुई सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज स्थानीय नगरपालिका द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। अभियान के अंतर्गत नगरपालिका की टीम ने सांदीपनि विद्यालय परिसर में स्थित ऐतिहासिक बावड़ी की सघन साफ-सफाई की। इस कार्य का निरीक्षण करने के लिए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने वहां चल रहे सफाई कार्य का जायजा लिया और जल संरक्षण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने प्राकृतिक जल स्त्रोतों के महत्व पर विशेष जोर देते हुए नगरवासियों से अपील की और कहा कि नगर में जितने भी पारंपरिक और प्राकृतिक जल स्त्रोत हैं, उनका संरक्षण और रख-रखाव करना केवल नगरपालिका की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी नागरिकों का भी प्रथम कर्तव्य है। ये जल स्त्रोत हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जो हमें लंबे समय तक और संकट के समय में जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हैं। सफाई अभियान के दौरान नगरपालिका के स्वच्छता अमले ने बावड़ी में जमा कचरे, झाड़ियों और गाद को बाहर निकाला। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने स्पष्ट किया है कि आगामी दिनों में नगर के अन्य कुओं, बावड़ियों और जल स्त्रोतों को भी इसी तरह साफ कर उन्हें पुनर्जीवित किया जाएगा, ताकि भूजल स्तर में सुधार हो सकें।

## डूब क्षेत्र पुनर्वास स्थल के पास किए अतिक्रमण पर प्रशासन हुआ सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर तहसील अंतर्गत कान्याखेड़ी जलाशय के डूब क्षेत्र में आने वाले ग्राम केशोपुर के पुनर्वास स्थल पर बुधवार सुबह अतिक्रमण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ओमप्रकाश चोरमा तथा डोडी चौकी प्रभारी दिनेश यादव पुलिस एवं राजस्व के बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया। ग्राम केशोपुर के विस्थापित परिवारों को हर्नियागांव के समीप पुनर्वास स्थल पर प्लॉट आबंटित किए गए हैं। मौके पर जांच के दौरान पाया गया कि ग्राम केशोपुर के एक पक्ष द्वारा पुनर्वास स्थल के समीप स्थित रिक्त शासकीय भूमि पर ईंटें डालकर अतिक्रमण किया जा रहा था। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा उक्त भूमि को अपने कब्जे की भूमि बताया जा रहा था। प्रशासनिक जांच में स्पष्ट हुआ कि उक्त विवादित भूमि शासकीय है। इसके बाद तहसीलदार और चौकी प्रभारी ने दोनों पक्षों को समझाइश दी तथा अतिक्रमण के प्रकरण तैयार किए गए। इसी दौरान प्रशासन को यह भी जानकारी मिली कि ग्राम केशोपुर निवासी उदल सिंह पिता रसूल द्वारा 5000 वर्गफीट भूमि पर अवैध रूप से बीम-कॉलम डालकर मकान निर्माण किया जा रहा है। जबकि संबंधित व्यक्ति को पुनर्वास स्थल पर पहले ही प्लॉट आवंटित किया जा चुका है। उक्त मामले में तहसीलदार (न्यायिक) सिद्धांत सिंह सिंगला द्वारा न्यायालय तहसीलदार डोडी तहसील जावर में प्रकरण दर्ज कर अतिक्रमणकर्ता पर अर्थदंड आरोपित कर अर्थदंड आरोपित करने की कार्यवाही कर दी गई थी। प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर तत्काल अतिक्रमण हटाकर भूमि अतिक्रमण मुक्त करवाई गई। तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ओमप्रकाश चोरमा ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में अशांति फैलाने या शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन द्वारा ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## महर्षि संस्थान की अरबों की जमीन हड़पने का खेल बेनकाब, ईडी का बड़ा धमाका, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

योगेश राजपूत ⏭ बुधनी

महर्षि महेश योगी की संस्था स्पिरिचुअल रीजनरेशन मूवमेंट फाउंडेशन ऑफ इंडिया की अरबों की जमीनों को फर्जी दस्तावेजों से बेचने वाले गिरोह पर प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ा शिकंजा कसा है। ईडी ने कथित मास्टरमाइंड जी. रामचन्द्र मोहन और आकाश मालवीय को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि आरोपी कई राज्यों में धार्मिक और संस्थागत जमीनों को फर्जी रजिस्ट्री के जरिए बेचने का संगठित नेटवर्क चला रहे थे। पहले भी कई शिकायतें हुईं, लेकिन रसूख के चलते कार्रवाई नहीं हो पाई। ईडी को मामले में बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग और प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता के सबूत मिले हैं।

### सिंहवाहिनी कंपनी पर भी छापा

ईडी ने प्रदीप सिंह की कंपनी सिंहवाहिनी से जुड़े ठिकानों पर भी छापेमारी की है। इस पूरे फर्जीवाड़े में मनोज सिंह और राघवेंद्र का नाम भी सामने आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक आने वाले दिनों में कई और बड़े नाम जांच के दायरे में आ सकते हैं।



### सुप्रीम कोर्ट सख्तः SIT करेगी जांच

मामले की गंभीरता देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 12 मई को सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को विशेष जांच दल गठित कर स्वतंत्र और त्वरित जांच के निर्देश दिए हैं। संस्था की अपील पर ये आदेश जारी हुआ।

### कोर्ट ने लगाया स्टे

इस घोटाले की आंच मध्यप्रदेश के सीहोर जिले तक पहुंची। आरोप है कि गिरोह की नजर ग्राम जर्रापुर और बेरखेड़ी स्थित महर्षि संस्था की जमीनों पर थी। जी. रामचन्द्र मोहन और उसका सहयोगी मनोज सिंह इन जमीनों के अवैध विक्रय की तैयारी कर रहे थे। संस्था ने बुधनी कोर्ट में व्यवहार वाद दायर किया। इसके बाद जिला न्यायाधीश ने विविध अपील क्रमांक MCA/213/2024 में 12 नवंबर 2025 को अहम आदेश जारी कर जी. रामचन्द्र मोहन और मनोज सिंह के खिलाफ अस्थायी निषेधाज्ञा लागू कर दी। कोर्ट ने संबंधित जमीनों के विक्रय एवं हस्तांतरण पर रोक लगा दी थी।

### भू-माफिया से कनेक्शन की आशंका

ईडी की कार्रवाई के बाद बुधनी से दिल्ली तक हड़कंप है। आशंका है कि स्थानीय स्तर पर भी कोई भू-माफिया इस गिरोह से जुड़ा हो सकता है, जिससे घोटाला और व्यापक रूप ले सकता है। महर्षि आश्रम के प्रबंधक अशोक खरे ने पूरे मामले की जानकारी दी है। जांच एजेंसियां अब दस्तावेजों और पैसे के लेन-देन की कड़ियां जोड़ रही हैं।

## जागे जनप्रतिनिधि, वार्डों में जल समस्या के समाधान के लिए टैंकर से जलापूर्ति शुरू,पेयजल संकट से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




बीते दिनों नगर में पेयजल समस्या को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर का प्रकाश किया था। इसके बाद जिम्मेदारों ने अपनी जिम्मेदारी को समझा और पेयजल की व्यवस्था शुरू की, इससे नागरिकों को गर्मी के दिनों में थोड़ी राहत मिलेगी। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने वार्डों का निरीक्षण कर नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं कुछ वार्डों में आ रही जल समस्या के त्वरित समाधान हेतु उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां भी पानी की किल्लत है, वहां तत्काल टैंकरों के माध्यम से निरंतर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। वैद्य ने कहा कि चुनाव नजदीक देखकर कुछ लोग अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए जनता को बरगलाकर धरना-प्रदर्शन कर माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। मैं और नगर परिषद अध्यक्ष मंजू वैद्य निरंतर विकास कार्यों में सहयोग करते हुए इस जल समस्या का भी स्थायी समाधान कर रहे हैं। टंकियों के पास


जल संकट को लेकर जावर में राजनीति हो रही, नागरिक पेयजल के लिए परेशान हो रहे
नगर में जलसंकट है या नहीं में उलझे जिम्मेदार लोग
संपूर्ण समाधान को लेकर कोई भी नहीं कर रहा चर्चा

नए बोरवेल का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जा रहा है ताकि टंकियां भर सकें और आमजन को पर्याप्त पानी मिले। अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने बताया कि इस कार्य में नगर परिषद सीएमओ हरीश कुमार सोनी, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान एवं समस्त पार्षद भी गंभीरता से लगे हुए हैं। हम जल्द ही नगर को इस समस्या से पूरी तरह निजात दिलाएंगे।